जिसकी कृपा से रोशन है मेरी सुबहो शाम भजन लिरिक्स

जिसकी कृपा से रोशन है,
मेरी सुबहो शाम,
सबसे प्यारा सबसे न्यारा,
वो है मेरा श्याम।bd।

तर्ज़ – जिसके आने से रंगों में।

रंग सांवरा केश घुंघरा,
बांकी अदाएँ,
रूप मोहिनी छवि सोहिनी,
तिरछी निगाहें,
होठों पे मुरली जैसे हो,
प्रेम का पैगाम,
सबसे प्यारा सबसे न्यारा,
वो है मेरा श्याम।bd।

मोर मुकुट सोहे पीतांबर,
गल वैजयंती माल,
मोहे नुपूर चरण कमलो में,
टेढ़ी सी है चाल,
प्रेमी को घायल कर देती,
एक मधुर मुस्कान,
सबसे प्यारा सबसे न्यारा,
वो है मेरा श्याम।bd।

मुरली मनोहर हृदय कोमल,
प्रेम का सागर,
श्याम सुंदर लख दातारी,
करुणा का गागर,
सूरज चाँद सितारे तेरा,
नित्य करें गुणगान,
सबसे प्यारा सबसे न्यारा,
वो है मेरा श्याम।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

चितवन है चंचल,
भोला भाला नटखट भी है,
छाया है शीतल,
चरणों में 'दीपक' इनके ही,
मिलता है आराम,
सबसे प्यारा सबसे न्यारा,
वो है मेरा श्याम।bd।

जिसकी कृपा से रोशन है,
मेरी सुबहो शाम,
सबसे प्यारा सबसे न्यारा,
वो है मेरा श्याम।bd।

गायक – कुंवर दीपक।
8700018045

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com